राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या–प0नि0 30–16/2015 1902
प्रेषक,

सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी–सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत),
सीतामढ़ी

पटना, दिनांक–22.04.24

विषय :– अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के फलस्वरूप रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु प्रेषित प्रस्ताव में वांछित कागजात उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– आपका पत्रांक 663 दिनांक 22.02.2024, पत्रांक 659 दिनांक 20.02.2024, पत्रांक 780 दिनांक 05.03.2024 एवं पत्रांक 908 दिनांक 18.03.2024

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के फलस्वरूप रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु आयोग को प्रतिवेदन/प्रस्ताव प्रेषित किये गये हैं। जिनके समीक्षोपरान्त प्रतिवेदन में निम्न कागजात उपलब्ध नहीं है, जिनके आभाव में रिक्त पद पर निर्वाचन की तिथि निर्धारित करने में कठिनाई हो रही है :–

1. **प्रखंड बथनाहा ग्राम कचहरी बखरी के उप सरपंच** विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव बैठक संबंधी प्रतिवेदन में 02 सदस्यों का तामिला नहीं है एवं साक्ष्य/कागजात पूर्ण संलग्न नहीं है।
2. **प्रखंड बथनाहा ग्राम पंचायत हरनहिया के उप मुखिया** विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव बैठक संबंधी प्रतिवेदन में 01 सदस्य का तामिला संलग्न नहीं है।
3. **प्रखंड सुप्पी ग्राम पंचायत हरपुर पीपरा के उप मुखिया** विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव बैठक संबंधी प्रतिवेदन में 01 सदस्य का तामिला संलग्न नहीं है, साथ हीं बैठक संबंधी सूचना में आरोप/कारण अंकित नहीं है।
4. **प्रखंड नानपुर ग्राम पंचायत बिरार के उप मुखिया** विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव बैठक संबंधी प्रतिवेदन में तामिला संलग्न नहीं है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि उक्त वांछित कागजात पत्र प्राप्ति से दो दिनों के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाय। ताकि संदर्भित रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु तिथि निर्धारित की जा सके।

विश्वासभाजन,
22/4/24
सचिव।
22.4.24

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847, E-mail: secbihar@gmail.com